तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 बोरीगारका-कातरो मार्ग पर पुल निर्माण को लेकर...


11 रोज 250 मरीज और 350 सालाना डिलीवरी ...


## खबर संक्षेप

### मारुति डिवाइडर से टकराई, जीएम घायल

**भिलाई।** बुधवार को दोपहर सेंट्रल एवेन्यू रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में भिलाई इस्पात संयंत्र के एक अधिकारी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शाम को छुट्टी दे दी गई । वहीं कार चालक को भी मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार सेंट्रल एवेन्यू में बीएसएनएल चौक पर र महाप्रबंधक जी भट्टाचार्जी की मारुति कार सीजी 04 ओबी 4208 डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में बैठे जीएम के भट्टाचार्य जी को सर पर हल्की चोट आई और ड्राईवर भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाने से पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भीड़ को इधर-उधर करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसी दौरान मौके पर थाना प्रभारी भी वहां पहुंचे। उन्होंने अपनी कार में घायल को बिठाकर सेक्टर-9 हास्पिटल पहुंचाया और भर्ती करवाकर इलाज शुरू करवाया। बताया जा रहा है कि प्राथमिक उपचार के बाद जीएम को डिस्चार्ज कर दिया गया । वहीं उनकी क्षतिग्रस्त मारुति कार को भट्ठी थाना में खड़ा कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीलिया के तीन मरीज अस्पताल में भर्ती

**दुर्ग।** वार्ड-67 सेक्टर-7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 15 अप्रैल को स्वास्थ्य टीम ने लोगों के घरों का भ्रमण किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 110 घरों का भ्रमण किया गया, जिसमें कोई भी पीलिया से ग्रसित नए मरीज नही मिले। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में कुल 37 पीलिया के मरीज मिले, जिनमें से 3 पुराने मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भिलाई में उपचाररत है। 1 पुराना मरीज़ पल्स हॉस्पिटल भिलाई से डिस्चार्ज हुए, इस प्रकार कुल भर्ती मरीज 3 है । उक्त प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम भिलाई की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की जा रही है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया है।

### एक ही रात में चार घरों में लाखों की चोरी, पुलिस कर रही जांच

**भिलाई।** मंगलवार को चोरी की चार अलग-अलग घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक ही दिन में 4 मामले दर्ज होने से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जामुल थाना, मोहन नगर और पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हुई है। चोरों ने कहीं बंद घरों को निशाना बनाया, तो कहीं निर्माण स्थल और सड़क किनारे खड़े वाहन को पार कर दिया। जामुल थाना क्षेत्र के पहले मामले में सेक्टर-07 निवासी प्रेम प्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि निर्माणाधीन मकान के स्टोर रूम का ताला तोड़कर और दीवार तोड़कर चोरों ने पानी का मोटर, केबल और मशीन समेत करीब 20 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। जामुल थाना अंतर्गत दूसरी घटना आम्रपाली फेस-2 हाउसिंग बोर्ड में हुई। सिम्मु श्याम लाल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि परिवार के शादी में जाने के दौरान सूने घर का ताला तोड़कर सोने की चैन, 5500 रुपए नकद और एलसीडी टीवी समेत करीब 55 हजार रुपए की चोरी कर ली गई। इसी रात आसपास के दो और घरों में भी चोरी की वारदात हुई।

# आज से जनगणना 2027 का प्रथम चरण स्व-गणना से होगा प्रारंभ

## प्रगणक व पर्यवेक्षको की प्रशिक्षण शिविर मे तहसीलदार ने दी विभिन्न जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

- 1 से 30 मई तक मकानों का होगा सूचीकरण

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण आज से" स्व-गणना/" के साथ प्रारंभ होने जा रही है, आज कन्या शाला में तहसीलदार सरिता मढरिया, नायब तहसीलदार ताम्रध्वज साहू तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश यादव के उपस्थित मे प्रगणक व पर्यवेक्षको का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे प्रशासन ने आमजन सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा है कि यह प्रक्रिया केवल आंकडो का संग्रह नही बल्कि भविष्य के विषय की मजबूत नीव भी है प्रशिक्षण मे कहा गया कि स्व-गणना पूरी तरह वैकल्पिक है यदि कोई नागरीक इस प्रक्रिया मे भाग नही लेता है तो भी प्रगणक घर घर जाक निर्धारित समय मे जानकारी दर्ज करेंगे।

16 अपैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की आनलाईन सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान नागरीक आनलाईन के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक युनिक आईडी प्राप्त होगी जिसे बाद में प्रगणक के साथ सांझा करना होगा। प्रशिक्षक हरि केडिथा ने बताया कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना "का कार्य राज्य में 01 से 30 मई 2026 ▶▶| शेष पेज 11 पर



### सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी

यह जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्रित सभी जानकारी पूर्णतः सुरक्षित रहती है। उन्होंने बताया कि इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों एवं नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति विशेष की जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गयी है। निर्धारित समयावधि में स्व-गणना का लाभ उठाएं केवल अधिकृत गणनाकर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। सटीक एवं सत्य जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नगर पंचायत थान खम्हरिया के सभी मकानो की नंबरींग कार्य पूर्ण कर लिया गया है स्व-गणना पूरी तरह वैकल्पिक है यदि कोई नागरीक इस प्रक्रिया मे भाग नही लेता है फिर भी प्रगणक निर्धारित समय मे घर पहुँचकर जानकारी दर्ज करेंगे।इस प्रकार जनगणना 2027 का आज से प्रथम चरण के रूप मे प्रारंभ होने जा रही है जो 30 अप्रैल तक स्व-गणना के रूप मे चलने वाली है और 01से 30 मई तक मकान सूचीकरण कार्य संपन्न होगी।

## कार्रवाई

# एनएच-30 जाम करने वालों पर कार्रवाई, 15 आरोपी गिरफ्तार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर 6 घंटे तक बाधित रहा आवागमन, पुलिस ने जब्त किया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के खम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर सड़क की मांग पर चक्का जाम कर यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर टेंट व मेट बिछाकर सड़क जाम कर दी थी, जिससे घंटों तक आवागमन प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार 22 मार्च 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे ग्राम अगरी के तेंदो मोड़ के पास ग्राम करही के गिरधर गढेवाल, शिवसिंह चंद्राकर, कपिल चंद्राकर, मानसिंह चंद्राकर, डिकेश चंद्राकर सहित अन्य लोग चार ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 को अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने सड़क पर टेंट लगाकर मेट बिछाया और वहीं बैठकर चक्का जाम शुरू कर दिया। इस बीच कवर्धा निवासी तुकाराम चंद्रवंशी भी मौके पर पहुंचकर आंदोलन में शामिल हो गया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति करीब 6 घंटे तक बनी रही और शाम 4:30 बजे तक यातायात प्रभावित रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना खम्हरिया में भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(2) एवं 126(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



### राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करना गंभीर अपराध

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 8 लोहे के पाइप, टेंट, मेट सहित अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करना गंभीर अपराध है और इस प्रकार से आमजन को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## तंत्र-मंत्र की आड़ में लाखों की ठगी करने वाला गोरखनाथ बाबा गिरफ्तार

**बेमेतरा।** तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा पीड़ित परिवार से नगदी सहित लाखों रुपये के जेवरात ठगे गए थे। पुलिस ने मामले में लगभग 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना साजा क्षेत्र के ग्राम पिपरिया निवासी 57 वर्षीय भागवत साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी के वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को दूर करने के नाम पर गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे एक तथा कथित गोरखनाथ शक्ति बाबा से मिलवाया। आरोपी ने तंत्र-मंत्र के जरिए समस्या समाधान का झांसा देकर अलग- अलग किस्तों में नगद राशि वसूल की। आरोपी ने 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 के बीच कई बार पीड़ित के घर आकर पूजा-पाठ व सिद्धि के नाम पर कुल 1,63,800 रुपये नगद लिए। साथ ही घर की महिलाओं को बहलाकर सोने-चांदी के जेवरात भी अपने कब्जे में ले लिए। ठगी की कुल राशि ▶▶| शेष पेज 11 पर



### साजा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रविन्द्र कुमार देव (49 वर्ष), निवासी माधोपुर, थाना बहेरा, जिला दरभंगा (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि ठगी की रकम का कुछ हिस्सा खर्च कर चुका है, जबकि जेवरात अपने पास ही रखे थे। आरोपी के कब्जे से 2 मंगलसूत्र, सोने के झुमके, लॉकेट तथा चांदी की पायल सहित कुल लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ईंट भट्ठे में महिला से दुष्कर्म, ट्रैक्टर चालक ने सूनेपन का उठाया फायदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी देवकर क्षेत्र अंतर्गत एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां ग्राम डेहरी स्थित एक ईंट भट्ठे में काम करने वाली 22 वर्षीय महिला के साथ उसी भट्ठे में कार्यरत एक ट्रैक्टर चालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता मूलतः आरंग (रायपुर) की निवासी है और पिछले कुछ महीनों से अपने पति के साथ ग्राम डेहरी रोड स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी कर रही थी। घटना 12 अप्रैल रविवार की रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। उस समय पीड़िता का पति आवश्यक सामान लेने देवकर गया हुआ था और महिला अपने टिन शेड वाले कमरे में अकेली थी। इसी दौरान भट्ठे में ट्रैक्टर चालक के रूप में कार्यरत आरोपी धनुष निषाद मौके का फायदा उठाकर महिला के कमरे में घुस गया। पीड़िता के विरोध के बावजूद आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने महिला को धमकाते हुए कहा कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया, तो वह उसे और उसके पति को ट्रैक्टर से कुचलकर जान से मार देगा।

पति के लौटने पर पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों से सलाह लेकर मामला पुलिस तक पहुंचाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना बेरला में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक पूनम ठाकुर को वैधानिक कार्रवाई के लिए चौकी देवकर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी धनुष निषाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) (दुष्कर्म) और 351(3) (जान से मारने की धमकी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की तलाश और मामले की विस्तृत विवेचना जारी है।

# बिजली बिल समाधान योजना से 48 हजार उपभोक्ताओं को राहत, 14.90 करोड़ की छूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत दुर्ग रीजन (दुर्ग, बालोद और बेमेतरा) में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। अब तक 48 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को कुल 14 करोड़ 90 लाख 43 हजार रुपए की छूट प्रदान की जा चुकी है।

योजना का उद्देश्य बीपीएल श्रेणी के निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल देना है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक 30,414 निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि 29,886 सक्रिय उपभोक्ताओं में से करीब 61 प्रतिशत ने पंजीयन करवा लिया है। इससे योजना के प्रति लोगों में बढ़ती जागरूकता और उत्साह स्पष्ट नजर आ रहा है। बेमेतरा संभाग सबसे आगे दुर्ग रीजन के 9 विद्युत संभागों में बेमेतरा संभाग सबसे आगे रहा है, जहां 20,879 उपभोक्ताओं को लाभ मिला। इसके अलावा साजा (6,221), अहिवारा (4,487), भिलाई पूर्व (4,397), बालोद (3,832), दुर्ग संधारण (2,561), पाटन (2,263), भिलाई पश्चिम (2,111) और दुर्ग शहर (1,976) के उपभोक्ता भी योजना से लाभान्वित हुए हैं।

### 1.45 करोड़ से अधिक की वसूली

लाभान्वित उपभोक्ताओं ने सक्रियता दिखाते हुए अब तक करीब 1 करोड़ 45 लाख 42 हजार रुपए की बकाया राशि जमा कर दी है, जिससे बिजली विभाग को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है सीएसपीडीसीएल मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 62 वितरण केंद्रों और 12 जोन में विशेष समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। विभागीय टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दे रही हैं। उन्होंने अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 से पहले के बिजली बिल बकाया हैं, वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी वितरण केंद्र या जोन में पहुंचकर योजना का लाभ लें और बकाया का निपटारा कर भविष्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### नकली पिस्टल से लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले के खुर्सीपार इलाके में मंगलवार दोपहर एक युवक नकली पिस्टल से लोगों को डराता हुआ घूम रहा था। अपनी धाक जमाने के लिए आरोपी हर वक्त नकली पिस्टल साथ रखता था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 14 अप्रैल की दोपहर टाउन पेट्रोलिंग ने खुर्सीपार चौक के पास जीरो स्ट्रीट गार्डन के पास एक युवक को पिस्टल लेकर घूमते गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम टी. मधुसूदन (30) निवासी एकता नगर, चांदनी चौक, जोन-3 खुर्सीपार बताया। तलाशी के दौरान युवक की जेब से स्टील की एक ट्वाय पिस्टल जब्त की गई। साथ ही एक छोटे डिब्बे में 7 नग प्लास्टिक की गोलियां भी मिलीं, जिनमें बारूद भरा हुआ था।

# 20 करोड़ की लागत से बन रही 14 किमी लंबी सड़क, दो दर्जन गांवों का सफर होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

लोक निर्माण विभाग के साजा सब डिवीजन अंतर्गत गडुवा से खैरझिटी होते हुए नवागांवकला तक लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 14 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य के दौरान विभाग द्वारा गुणवत्ता को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और कार्य पर संतुष्टि जताई। इससे यह स्पष्ट है कि सड़क निर्माण में मानकों का ध्यान रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि साजा विकासखंड के थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र से देवरबीजा क्षेत्र के बीच बेहतर सड़क संपर्क की मांग लंबे समय से लंबित थी। विभाग की पहल से अब यह कार्य धरातल पर उतर चुका है और तेजी से प्रगति कर रहा है। इस सड़क के निर्माण से गडुवा, खैरझिटी, ठरकपुर, श्यामपुरकांपा और नवागांवकला सहित कई गांवों के बीच कनेक्टिविटी आसान होगी। पहले यहां की सड़क जर्जर और संकरी होने के कारण आवागमन जोखिम भरा था, लेकिन अब नई सड़क बनने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़क पूर्ण होने के बाद थान खम्हरिया से देवरबीजा के बीच करीब दो ▶▶| शेष पेज 11 पर



## कलेक्टर की अध्यक्षता मे समय सीमा की बैठक

# नागरिकों को मिले सहज स्वास्थ्य सेवा, विभाग संवेदनशीलता से करों कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की । कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आमजनों तक विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों को पहुंचाने और लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही नहीं करने निर्देशित की है। कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा,पेयजल, आवास योजना सहित विकासखंडों में संचालित नरेगा योजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देशित किया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ने बैठक में टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति में कमी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि दिए गए निर्देश के आधार पर लक्ष्य में कमी एक गंभीर स्थिति को प्रदर्शित करता है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि टीबी मुक्त भारत अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नए मरीजों की पहचान करने और उनके उपचार की समुचित व्यवस्था पर जोर दिया। कलेक्टर ने फील्ड स्टाफ और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मैदानी सर्वे करने और फॉलो-अप करने निर्देशित किया। लक्ष्यानुरूप परिणाम प्राप्त करने के लिए सार्थक कार्यवाही करने निर्देशित की। कलेक्टर ने विभागीय महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लेते हुए आने वाली बाधाओं को दूर करने निर्देशित की। बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### गर्मी में पेयजल आपूर्ति के लिए सचेत रहें

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देशित की है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आम जनता को पीने के पानी के लिए किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जो भी हैंडपंप खराब हैं, उन्हें 24 से 48 घंटों के भीतर सुधारने कहा है। उन्होंने 'जल जीवन मिशन' के तहत पूर्ण हो चुकी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करने कहा है जाए। जहां भी तकनीकी खराबी है। इसके साथ ही कलेक्टर ने पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर एक हेल्पलाइन नंबर या कंट्रोल रूम सक्रिय रखने कहा है। जिससे नागरिक अपनी समस्या सीधे विभाग तक पहुँचा सकें। कलेक्टर ने जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर नीचे गिर रहा है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की योजना ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**बेमेतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 9 मई के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सरोज नंद दास के मार्गदर्शन में तथा सचिव स्वर्णप्रभा यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, राजस्व प्रकरण, चेक बाउंस, विद्युत एवं जल कर से जुड़े मामलों सहित विभिन्न सिविल एवं आपराधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। अधिकारियों ने अधिकाधिक मामलों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में पक्षकारों को न्यायालय शुल्क की वापसी की जाती है तथा निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होती है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चौक-चौराहों पर होर्डिंग, फ्लेक्स एवं पंपलेट्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।
निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के टोल फ्री नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है।

### अकोली में मनी भारतरत्न डा. अंबेडकर की जयंती



**नांदघाट।** अकोली में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अकोली में सरपंच श्रीमती सुनीता निषाद ने स्वच्छता रथ का उद्घाटन किया । अब पंचायत में घरों घर से रिक्शे के माध्यम से शारदा स्व सहायता समूह की ही दीदीयां अपशिष्ट एकत्र कर उसका निपटारा करेंगी । गांवभर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग डिब्बे वितरित किए गए हैं। सभी ने स्वच्छता की शपथ भी ली।
कार्यक्रम में उप सरपंच रोहित निषाद पंचगण महेंद्र वर्मा गीता बाई निषाद सत्यम बार्गो सुषमा निषाद शकुंतला घृतलहरे निर्मला निषाद रेखालाल बंजारे केशककांत कोसले सचिव ,रोशन नवरंग रोजगार सहायक गीता रात्रे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राहुल जांगड़े सोमनाथ विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अर्जन प्रक्रिया शुरू, प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर रोक

**बेमेतरा।** जिले में प्रस्तावित सड़क परियोजना के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया शुरू होते ही प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों पर रोक लगा दी है। कलेक्टर कार्यालय (भू-अर्जन शाखा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दुर्ग पश्चिम अंतर्गत सड़क संपर्क योजना के तहत प्रस्तावित बायपास–नवागढ़–मुंगेली–लोरमी–कोटा–रतनपुर मार्ग के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए 25 मीटर चौड़ाई में भूमि की आवश्यकता निर्धारित की गई है। इस दायरे में आने वाले क्षेत्रों में तहसील बेमेतरा के ग्राम सांवतवपुर, निनवा, डूंडा, हथमुड़ी, कंतेली, सिंघौरी, गस्ती चौक नयापारा, बेमेतरा सिग्नल चौक सहित नगर के वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14, 16 एवं 17 शामिल हैं। इसके अलावा तहसील बेरला के ग्राम देवरबीजा, हड़गांव, भेड़नी, केछवई आदि भी प्रभावित क्षेत्र में शामिल किए गए हैं।

# कार्यकर्ता संगठन में अनुशासन के साथ पार्टी में सक्रिय रहकर काम करें : छाबड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट**

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट के ग्राम चिचोली में बूथ/पंचायत समिति का गठन किया गया।

जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, जिला प्रभारी सुनील महेशवरी पूर्व विधायक संसदीय सचिव गुरुदयाल सिँह बंजारे,ब्लॉक प्रभारी छोटेलाल साहू ललित विश्वकर्मा राजेंद्र वर्मा ,सतीश मार्कण्डेय देवेंद्र साहू सुशील साहू शशि प्रभा गायक़वाड़ झम्मन बघेल विजय बघेल तरुण धृतलहरे विजय यादव शोभा साहू, अखिलेश साहू अंजलि मारकंडे रोली वैष्णव,नेमा निषाद लाला कटारे आरिफ़ बांठिया प्रमोद सेन मुकेश निषाद, रुपेश साहू अघौनू यादव, रमेश पटेल लक्की निषाद अलीम बांठिया, संजू ध्रुव , राजा राम निषाद, लक्ष्मण यादव मंगल बार्गो, पवन वर्मा महेंद्र निषाद, घनश्याम वर्मा, भूषण निषाद, अजय साहू खूबी साहू, बेनलाल कुर्रे, भागवत भारती कमलेश ठाकुर सम्मन निषाद अनोज धृतलहरे डोमन यादव विकी वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं के दम पर जिले की तीनों सीट जीतने की बातें कहीं। संगठन में अनुशासन के साथ पार्टी में सक्रियता के साथ काम करने की बातें कार्यकर्ताओं से कहीं।

## कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम



### इन्होंने भी किया संबोधित

जिला प्रभारी सुनील महेशवरि ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर, पंचायत स्तर पर कांग्रेस विचारधारा वाले युवा सियान को जोड़ने का आह्वान किया। पूर्व विधायक, संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे ने विधानसभा नवागढ़ में बीजेपी सरकार की ज्यादती, अराजक माहौल, आतंक के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने की बातें कहीं। बैठक को जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायक़वाड़ झम्मन बघेल, विजय बघेल ने भी संबोधित किया।

## राहत : हाईकोर्ट से स्टे, अधिवक्ता ने की राहत की पुष्टि

# बर्खास्त अध्यक्ष सिद्धांत चौहान की वापसी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़/बेमेतरा**

नगर पंचायत नवागढ़ की राजनीति में अचानक बड़ा उलटफेर हुआ है। राज्य सरकार द्वारा पद से हटाए गए अध्यक्ष सिद्धांत चौहान को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक उन्हें फिर से अध्यक्ष पद पर कार्य करने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सिद्धांत चौहान, जिन्हें 15 फरवरी 2025 को सीधे जनता ने अध्यक्ष चुना था, शुरुआत से ही राजनीतिक खींचतान के बीच घिरे रहे। 11 मार्च को प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन हुआ, लेकिन जल्द ही परिषद में मतभेद सामने आने लगे। परिषद के सदस्यों के इस्तीफे और पार्षदों के अलगाव के कारण कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्थगित बैठकों में पारित करना पड़ा।

मामला तब गंभीर हुआ जब राज्य सरकार ने 4 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 41(क) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया। जवाब के बावजूद 20 मार्च 2026 को चौहान को पद से हटा दिया गया और आगामी कार्यकाल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया।




**हाईकोर्ट की दखल से बदली तस्वीर:** इस आदेश को चुनौती देते हुए चौहान ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। 15 अप्रैल को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति एन. के. चंद्रवंशी ने सरकार के आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक सिद्धांत चौहान ही अध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंगे। साथ ही सचिव नगर विकास, संचालक, अंडर सेक्रेटरी, कलेक्टर बेमेतरा और नगर पंचायत नवागढ़ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

मामले में चौहान की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता प्रतीक शर्मा ने हाईकोर्ट से मिली राहत की पुष्टि करते हुए बताया कि न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई तक सिद्धांत चौहान वैध रूप से अध्यक्ष पद पर कार्य करेंगे और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### आरोपों के बीच सियासी घमासान

चौहान पर पानी टंकी निर्माण सहित कुछ कार्यों में नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए थे। हालांकि समर्थकों का कहना है कि यह कार्रवाई राजनीति प्रेरित है। वहीं विपक्ष इसे प्रशासनिक विफलता बता रहा है।

### चौहान बोले-जनता का जनादेश सर्वोपरि

राहत मिलने के बाद सिद्धांत चौहान ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। लोकतंत्र में जनता का जनादेश सबसे बड़ा होता है। नवागढ़ की जनता की जीत हुई है।

### अब क्या होगा आगे?

फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश ने नवागढ़ की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी है, लेकिन अंतिम फैसला अभी बाकी है। अगली सुनवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं, जहां इस पूरे मामले की दिशा तय होगी।

# समेसर स्कूल में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखंड नवागढ़ में को अंगना म शिक्षा, पढ़ई तिहार का आयोजन भव्य रूप से किया गया जिसका मूल उद्देश्य माताओं का उन्मुखीकरण है। बालवाड़ी में आने वाले बच्चो और कक्षा पहली में प्रवेश करने वाली माताओं को एक दिन पहले आमंत्रण देकर बुलाया गया माताओं के द्वारा बच्चो के साथ 9 काउंटर की गतिविधि कराई गई जिसके द्वारा बच्चो का मांसपेशियों, मानसिक व शारीरिक, भावनात्मक विकास होता है।

माताओं को विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका व बीआरजी गोपेश्वरी साहू द्वारा माताओं को सर्वप्रथम समर कैंप घर में बच्चों को स्कूल से जुड़ाव हेतु पहला सीखने का कोना बनाकर बच्चों को घर में चित्र पहचान कराना, गिनती सिखाना और लिखना सीखना। दूसरा गतिविधि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना गर्मी से बचाव हेतु ओआरएस घोल बनाने के बारे में बताया गया, नींबू पानी, आम पना बच्चो को पिलाना ताकि बच्चो को डीहाइड्रेशन की समस्या न हो। तीसरा उद्देश्य यूनिफार्म और अनुशासन में मानसिक बदलाव आत्मविश्वास, स्वयं की जिम्मेदारी का महत्व बताना। प्रधान पाठक साधना ने बताया कि अंगना में शिक्षा (अंगना म शिक्षा) छत्तीसगढ़ की एक अभिनव पहल है, जो बच्चों को घर के वातावरण में, विशेषकर माताओं के माध्यम से, सरल और मनोरंजक तरीके से प्राथमिक शिक्षा प्रदान करती है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूल पूर्व तैयारी को मजबूत बनाता है। यह कार्यक्रम माताओं को अपने बच्चों के पहले शिक्षक के रूप में सशक्त बनाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चों को तनावमुक्त माहौल में खेल-खेल के माध्यम से अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान और बुनियादी कौशल सिखाया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला से रामकुमार घृतलहरे, ममता तिवारी और मंजू कुर्रे। प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक साधना साहू, दिलीप कुमार जांगड़े उपस्थित रहे।

# शिक्षा में उत्कृष्टता का उदाहरण बना डीएवी स्कूल, टॉपर्स ने बढ़ाया संस्था का गौरव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं एकमात्र सीबीएसई विद्यालय, डी.ए.वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता बेमेतरा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है, वहीं विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने इस गौरवपूर्ण सफलता पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दीं।

> ■ डी.ए.वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता बेमेतरा का 10वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत

उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल शत-प्रतिशत परिणाम दिया, बल्कि उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम भी रोशन किया। परीक्षा में पुष्केश्वर निर्मलकर ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सीताराम ने 90.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर दिनेश साहू ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा मोक्ष साहू ने 87.6 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ तथा केशर चन्द्राकर ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि मानसिक रूप से भी परीक्षा के लिए तैयार किया। इस उपलब्धि में योगदान देने वाले शिक्षकों में ललित देवांगन, गोविंद साहू, अकलेश पटेल, आयुषी जैन, अनिल चंद्रवंशी, दीपिका वर्मा, विमल साहू, ऐश्वर्य देशमुख, पुनम शर्मा, साक्षी शर्मा, संदीप कुमार साहू, ममता चंद्राकर, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, माननी, शोभा रानी, रेणुका पटेल, लेखनी चंद्राकर, प्रीति यादव, स्वप्निल शर्मा, आर्य निधि, गौरी यादव, रितिका साहू, भारती, अन्नू चंद्राकर, अनिल कुमार, कैलाश सिंह, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी यादव, युवराज चंद्राकर, नरेश साहू, विजय चंद्राकर, कुंती यादव सहित अन्य शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर इस सफलता का जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

## जिपं सभापति ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात



**नांदघाट।** जिला पंचायत सभापित व जिला भाजपा उपाध्यक्ष अंजू बघेल ने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य का लोकार्पण किया है। नवागढ़ में 3 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले कस्तुरबा गांधी कन्या छात्रावास का भूमिपूजन किया। जिसमें भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत मदन वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे। तदुपरांत बदनारा में नवीन शास हायर सेकेंड्री भवन का शुभारंभ किया। जिसकी निर्माण लागत 1.15 करोड़ रुपये है । उसके साथ ही साथ नवीन पशु औषधालय भवन का भी निर्माण शुभारंभ हुआ, जिसकी लागत भी 15 लाख रुपये है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, भाजपा जिला व्यापारी प्रकोष्ठ सहसंयोजक स्वतंत्र साहू, मदन वर्मा, संतोष वर्मा समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सामूहिक हनुमान चालीसा से भक्तिमय हुआ राम मंदिर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़**

नगर का राम मंदिर शनिवार को भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया, जब धर्मसभा के तत्वावधान में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में गूंजते "जय श्रीराम" और "बजरंग बली की जय" के जयकारों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान धर्मसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक भी संपन्न हुई, जिसमें आगामी 4 से 8 मई तक आयोजित होने वाले कथा वाचक कामता प्रसाद गरियाबंद के भव्य कथा महोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। आयोजन को सफल और आकर्षक बनाने के लिए जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई।



**ये रहे उपस्थित:** बैठक में महंत सुरेन्द्र दास, धर्मसभा के सदस्य देवेंद्र धर दीवान, शेखर शर्मा, सौरभ उर्फ बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, रामचेतपाल, जे.जी. गोस्वामी, संतोष देवांगन, हुलास भुवाल, रमेश चौहान, महेश साहू, लक्ष्मीचंद जैन, गुरुजी नरेंद्र और जयसवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मरार पटेल समाज का सामूहिक विवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा**

ग्राम नेवनारा स्थित चंडी आश्रम में छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज राज धमधा–तेलगा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह (14 एवं 15 अप्रैल 2026) श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भगवती देवी शाकम्भरी एवं चंडी माता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को भव्य और आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। अपने संबोधन में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता, सादगी और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।



इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण होता है। उन्होंने कहा कि कोसरिया मरार (पटेल) समाज सदैव सामाजिक जागरूकता, संगठन और परंपराओं के संरक्षण में अग्रणी रहा है। उन्होंने विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और पूरे समाज को जोड़ने वाला पवित्र बंधन बताया। साथ ही युवाओं से शिक्षा और संस्कार को प्राथमिकता देने तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल (दुर्ग लोकसभा), प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटिल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें सरपंच लोकेश साहू (नेवनारा), सरपंच मीनू पाटिल (गोंडगिरी), राज प्रधान भगवती पाटिल, अध्यक्ष अलखराम पाटिल, सचिव चंद्रशेखर पाटिल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमाशंकर पाटिल, महासंघ अध्यक्ष तेजराम पाटिल, पार्षद मुकुंद पाटिल (अहिवारा) सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

## जिले के सभी महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधि, संगठन के सदस्य हों शामिल : प्रज्ञा निर्वाणी

# महिला मोर्चा की पदयात्रा आज, संसद में कानून, दिखेगा नारी शक्ति का समर्थन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा**

नारी सशक्तिकरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर भारत में, भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 16 अप्रैल को जिला मुख्यालय बेमेतरा में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति आभार और समर्थन व्यक्त करने के उद्देश्य से निकाली जाएगी।

महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नारी सम्मान, अधिकार और भागीदारी के लिए जन-जन की भावना का विस्फोट है। उन्होंने कहा कि यह पल इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा, जब एक ओर देश की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक अधिनियम पर चर्चा का



नेतृत्व कर रहे होंगे, वहीं दूसरी ओर बेमेतरा की सड़कों पर सैकड़ो महिलाएं अपने अधिकारों और सम्मान के समर्थन में कदम से कदम मिलाकर पदयात्रा कर रही होंगी। उन्होंने जिले की समस्त निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत की पार्षद, महिला सरपंच एवं पंचों को इस पदयात्रा में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं, ताकि यह जनआंदोलन व्यापक रूप ले सके।प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले की सभी जागरूक महिलाओं, सामाजिक संगठनों से जुड़ी मातृशक्ति एवं बहनों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दैनिक प्रतिबद्धताओं को कुछ समय के लिए विराम देकर इस ऐतिहासिक पदयात्रा में शामिल हों और नारी शक्ति के इस महाआंदोलन का हिस्सा बनें। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अंबेडकर जयंती पर वनवासी समाज की छात्राओं के साथ छात्रावास में जाकर समरसता भोज आयोजित कर उनके साथ भोजन कर संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की समता मूलक समाज निर्माण पर व्याख्यान दिया ।जिला महामंत्री मधु राजपूत ने कहा कि यह आयोजन किसी एक दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आत्मगौरव की सामूहिक अभिव्यक्ति है, यह जीत किसी दल की नहीं, बल्कि दिलों की जीत है, इस देश में महिलाओं के अधिकार की जीत है।

यह पदयात्रा 16 अप्रैल को दोपहर 4 बजे भारत माता चौक से प्रारंभ होकर अटल परिसर तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में जिले भर की महिलाओं की भागीदारी की उम्मीद है जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी समाज की महिला अध्यक्षों सहित प्रमुखों को भी आने का नेवता भेजते हुए इस नारी वंदन का दिवस बताया है।

